हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार 18 मार्च 2026

तापमान

अधिकतम 32.3 डिग्री

न्यूनतम 10.3 डिग्री

11 58 वर्षीय अरविंद पाल दहिया ने नेशनल ...



12 तीन माह में मिलेगा 6 गांवों के 50,000 लोगों को पानी



## शहर में आज

- नगर निगम में आयुक्त की अधिकारियों के साथ बैठक
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे

### लाखों लोगों की जुड़ी है आस्था, सरोवर में भक्त करते हैं स्नान, बीमारियां होती हैं दूर

# शीतला माता मंदिर का सरोवर राम भरोसे

### निगम ने पहले बजट बनाया, फिर आधा किया, आज तक काम शुरू नहीं हुआ

### सफाई और रखरखाव को तरस रहा मंदिर का सरोवर

### महंत ने ग्रिल लगाने, पक्का करने और सौंदर्यीकरण की मांग उठाई

### चैत्र माह में लगता है मेला, लाखों की संख्या में पहुंचते है श्रद्धालु

*मंदिर के महंत और स्थानीय श्रद्धालुओं ने प्रशासन से कई मांगें उठाई हैं। इनमें सरोवर के चारों ओर सुरक्षा के लिए ग्रिल लगवाना, किनारों को पक्का करवाना और पूरे क्षेत्र का सौंदर्यीकरण शामिल है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इन मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले समय में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। इस मुद्दे को लेकर शहर के लोगों ने कई बार अभियान भी चलाए हैं। पार्षदों, सामाजिक संगठनों और स्थानीय निवासियों ने धरना-प्रदर्शन और ज्ञापन देकर प्रशासन को जगाने की कोशिश की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सरकार और प्रशासन मिलकर इस दिशा में गंभीरता से काम करें, तो माता शीतला तालाब को एक सुंदर और आकर्षक धार्मिक स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है। इससे न केवल श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी, बल्कि शहर की छवि भी बेहतर होगी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के ऐतिहासिक और आस्था के प्रमुख केंद्र माता शीतला सरोवर का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में है। वर्षों से सौंदर्यीकरण के दावे और योजनाएं बनने के बावजूद सरोवर की हालत जस की तस बनी हुई है। हालात ऐसे हैं कि मंदिर परिसर का यह महत्वपूर्ण सरोवर आज भी अव्यवस्था और उपेक्षा का शिकार नजर आता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह परियोजना अब केवल कागजों तक सीमित होकर रह गई है।करीब एक दशक पहले हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने माता शीतला सरोवर के सौंदर्यीकरण का ऐलान किया था। उनके निर्देश पर निगम स्तर पर काम की शुरुआत भी हुई, जिससे लोगों में उम्मीद जगी थी कि इस धार्मिक स्थल का कायाकल्प होगा। लाखों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े इस स्थान पर बेहतर सुविधाएं विकसित होंगी। लेकिन समय के साथ यह उम्मीदें धुंधली पड़ गईं और काम अधूरा ही रह गया।करीब 500 वर्ष पुराने इस मंदिर और सरोवर का धार्मिक महत्व बेहद गहरा है। मान्यता है कि यहां के जल में स्नान करने से बीमारियां दूर होती हैं। इसके बावजूद सरोवर की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। आसपास अतिक्रमण की समस्या है, कुछ लोगों ने यहां सामान डालकर कब्जा कर लिया है। साथ ही गंदे पानी की निकासी सीधे सरोवर में हो रही है और सफाई का अभाव स्थिति को और बिगाड़ रहा है।अब सवाल यह है कि आखिर कब इस आस्था के केंद्र को उसकी गरिमा के अनुरूप विकसित किया जाएगा।



रोहतक। शीतला माता मंदिर के पास बना सरोवर, जिसे सौंद्रयीकरण की जरूरत है। फोटो : हरिभूमि



रोहतक के शीतला माता मंदिर में चैत्र के माह में हर बुधवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचते हैं और माता की पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगते हैं।

### नवरात्रों पर श्रद्धालुओं की उमड़ती है भारी भीड़

शीतला माता सरोवर से लाखों लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। मान्यता है कि यहां स्नान करने से बीमारियां दूर होती हैं और माता का आशीर्वाद मिलता है। चैत्र, आसाढ के चार बुधवार को यहां बड़ा मेला लगता है। देश विदेश से लोग यहां पूजा अर्चना के लिए आते हैं। बच्चों का मुंडन करवाया जात है। नवरात्रों और अन्य धार्मिक अवसरों पर भी यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है।

### धार्मिक जगह के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव पास किया था

वर्ष 2016 में नगर निगम की बैठक में इस धार्मिक जगह के सौंदर्यीकरण को लेकर प्रस्ताव पास किया गया था। प्रारंभिक स्तर पर इसके लिए 45 लाख से अधिक का बजट भी तैयार किया गया, लेकिन बाद में बजट में कटौती करते हुए 22 लाख कर दिया गया। इसके बाद भी फाइल कहीं दबकर रह गई। योजना पर काम शुरू ही नहीं हो सका। तालाब में गंदगी पड़ी हुई है।

### प्रोजेक्ट में ये थी प्लानिंग

सरोवर का मुख्य द्वार, चारों ओर 12 फुट का रास्ता बनाकर ग्रील लगाना, गमले बना उसमें पौधरोपण, तीन स्टेप की सीढ़ी के बाद सरोवर का निर्माण और उसके किनारे ग्रिल लगानी थी। इसमें लाइटिंग, पानी भरने के लिए 2 सबमर्सिबल पंप और ड्रेनेज सिस्टम डेवलप करना शामिल था। लेकिन ऐसा नहीं होने के कारण साफ-सफाई, सुरक्षा और सुविधाओं की स्थिति बेहद खराब बनी हुई है। यहां आने वाले भक्तों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों की मांग है कि इसका जल्द से जल्द विकास करवाया जाए।

### सौंदर्यीकरण और भक्तों के नहाने के लिए जगह बनाई जानी चाहिए



यहां योजना बनाकर सौंदर्यीकरण किया जाना चाहिए। भक्तों के नहाने के लिए जगह बनाई जानी चाहिए। ग्रिल लगाकर सरोवर को पक्का किया जाए। इसके अलावा तालाब के आसपास सफाई करवाई जाए। मेले के दिनों में भक्तों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। दस साल से सुनते आ रहे हैं कि यहां सौंदर्यीकरण किया जाएगा, लेकिन आज तक समाधान नहीं हुआ। इसकी जांच होनी चाहिए। -महंत थानेश्वर दास, शीतला माता मंदिर रोहतक

### सरोवर पर विकास कार्य के लिए तैयार की गई है फाइल

मामले की जानकारी ली गई है। सरोवर पर विकास कार्य करवाने के लिए इसकी फाइल तैयार की गई है। योजना का एस्टीमेट बनवाया गया है। जल्द ही तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू करवाया जाएगा। -आनंद कुमार शर्मा, नगर निगम आयुक्त

## खबर संक्षेप

### चंडीगढ़ में गोली लगने से रोहतक के व्यक्ति की मौत

**रोहतक।** चंडीगढ़ के सेक्टर-23 निवासी ताराचंद की उसकी लाइसेंसी पिस्टल से चली गोली लगने से मौत हो गई। वह मूल रूप से रोहतक का रहने वाले थे और एक मंत्री के कार सेक्शन में ड्राइवर के पद पर कार्यरत थे। पुलिस के अनुसार, घटना के समय ताराचंद अपने घर पर पिस्टल की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान अचानक पिस्टल से गोली चल गई, जो उसके सिर में जा लगी। गोली चलने की आवाज सुनकर उसकी पत्नी और बेटे ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। घायल अवस्था में ताराचंद को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### नहर में नहाने गए युवक की डूबने से मौत

**रोहतक।** शहर में एक दर्दनाक हादसे में नहर में नहाने गए युवक की डूबने से मौत हो गई। यह घटना मंगलवार की शाम करीब 6:30 बजे की है। मृतक की पहचान श्रीकांत पुत्र निरंजन निवासी आगरा, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। वह अपनी बाइक पर सवार होकर पहरावर हेड और मायना हेड नहर के बीच नहाने के लिए पहुंचा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नहर में उतरते ही श्रीकांत अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसने बचाने के लिए जोर-जोर से आवाज लगाई, आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मदद करने की कोशिश की। वहां मौजूद एक युवक ने साहस दिखाते हुए नहर में छलांग लगा दी लेकिन श्रीकांत को बचा नहीं पाया। उसकी मृत्यु हो चुकी थी।

### पावर टेक फैक्ट्री से व्यक्ति का शव बरामद

**सांपला।** कुलताना इस्माइला मार्ग स्थित पावर टेक फैक्ट्री से एक व्यक्ति का शव बरामद होने का मामला सामने आया है। मृतक की उम्र करीब 50 वर्ष बताई जा रही है, लेकिन उसकी पहचान अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतक हाल ही में फैक्ट्री में काम के लिए आया था, जिसके चलते उसके बारे में ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का निरीक्षण किया, लेकिन शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं। फैक्ट्री के कर्मचारियों से पूछताछ की गई, मगर मौत के कारणों को लेकर कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है।

### 48 बोतल देसी शराब सहित युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 48 बोतल देसी शराब बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस चौकी घिलौड़ की टीम गांव जसिया के पास गश्त पर थी। इसी दौरान गांव जसिया का एक युवक को काबू किया। पूछताछ के बाद उसकी पहचान कृष्ण पुत्र हरिराम निवासी गांव जसिया के रूप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर खेत में बनी पानी की होद से 48 बोतल देसी शराब बरामद की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों, शोध संस्थानों और विश्वविद्यालयों को प्राथमिकता

# अब रोज मिलेंगे 250 कमर्शियल सिलेंडर

*प्रशासन का कहना है कि आवश्यक सेवाओं में किसी तरह की बाधा नहीं आने दी जाएगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



एलपीजी की कमी और बढ़ती मांग के बीच सरकार ने रोहतक जिले के लिए 250 व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों का विशेष कोटा आवंटित किया है। यह निर्णय उन आवश्यक सेवाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए लिया गया है, जो सीधे तौर पर जनजीवन और बुनियादी व्यवस्थाओं से जुड़ी हैं। अधिकारियों के अनुसार यह कोटा विशेष रूप से अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों, डिफेंस इकाइयों, रिसर्च संस्थानों और विश्वविद्यालयों को प्राथमिकता के आधार पर वितरित किया जाएगा। मालूम रहे कि अमेरिका-ईरान युद्ध की वजह से पिछले कुछ दिनों से एलपीजी की आपूर्ति को लेकर असंतुलन की स्थिति बनी हुई है। घरेलू और व्यावसायिक दोनों श्रेणियों में मांग बढ़ने से कई जगहों पर सिलेंडरों की कमी महसूस की जा रही थी। ऐसे में सरकार द्वारा यह कोटा जारी करना राहत भरा कदम माना जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि इससे आवश्यक सेवाओं में किसी तरह की बाधा नहीं आने दी जाएगी।

### कोटा आवश्यक सेवाओं के लिए आरक्षित

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह कोटा आम व्यावसायिक उपयोग के लिए नहीं होगा, बल्कि इसे पूरी तरह से आवश्यक सेवाओं के लिए आरक्षित रखा गया है। अस्पतालों में मरीजों के लिए भोजन व्यवस्था, विश्वविद्यालयों और स्कूलों में कैंटीन संचालन तथा डिफेंस और रिसर्च संस्थानों में नियमित कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए यह कदम उठाया गया है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षक हरिओम ने कहा कि सिलेंडरों के वितरण की निगरानी कड़ी की जाएगी, ताकि किसी प्रकार की कालाबाजारी या दुरुपयोग न हो।

### आने वाले दिनों में आपूर्ति सुधरेगी

आम उपभोक्ताओं को लेकर भी प्रशासन सतर्क है। घरेलू एलपीजी की आपूर्ति को बनाए रखने के लिए अलग से व्यवस्थाएं की जा रही हैं, ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रशासन का दावा है कि आने वाले दिनों में एलपीजी आपूर्ति की स्थिति में सुधार होगा और संतुलन स्थापित किया जाएगा। लोगों का कहना है कि इस तरह के लक्षित वितरण से जरूरी सेवाओं को राहत मिलती है और संकट की स्थिति में संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव हो पाता है। इस फैसले से रोहतक जिले में आवश्यक सेवाओं के संचालन को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### रोहतक में करीब 5000 कमर्शियल कनेक्शन

रोहतक में करीब पांच हजार कमर्शियल ग्राहक हैं। जिन्हें गैस एजेंसियों के माध्यम से गैस सिलेंडर भेजे जाते थे। इनमें होटल, रेस्टोरेंट, ढाबे, उद्योग आदि शामिल हैं। अब नए फैसले के बाद इन्हे राहत मिलने की उम्मीद है, हालांकि 250 सिलेंडर की मात्रा काफी कम है।

### प्रशासन के ढुलमुल रवैये से कृष्ण के परिजनों में रोष

# 72 घंटे का अल्टीमेटम, आरोपी नहीं पकड़े तो टोल जाम करेंगे

- जमीन पर कब्जे के विरोध में मर्डर, मुख्य आरोपी ने खुद को कुख्यात बदमाश संजीव बिद्रो का भाई बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। परिजनों को समझाते आईपीएस रविंद्र कुमार, डीएसपी ऋषभ सोढ़ी व डीएसपी राकेश कुमार फोटो : हरिभूमि

जिले में जमीन विवाद को लेकर एक व्यक्ति की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतक के परिजनों का आरोप है कि हमलावरों में शामिल मुख्य आरोपी ने खुद को कुख्यात बदमाश संजीव बिद्रो का भाई बताते हुए पहले फायरिंग की और फिर लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना के बाद परिजनों ने पुलिस को 72 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि यदि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार नहीं किया गया तो वे सड़क जाम कर आंदोलन करेंगे। मृतक की पहचान गांव चिड़ी निवासी करीब 48 वर्षीय कृष्ण के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, 12 मार्च को कृष्ण अपने खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान गांव बहुअकबरपुर के चार युवक एक गाड़ी में सवार होकर मौके पर पहुंचे और उस पर हमला कर दिया। परिजनों का कहना है कि आरोपियों ने पहले कृष्ण पर सीधे फायरिंग की, लेकिन वह बाल-बाल बच गया। इसके बाद हमलावरों ने लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।



मृतक कृष्ण

**राहत** ओपीडी में किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लीनिक और बाल मार्गदर्शन क्लीनिक शुरू

# अब पीजीआई में होगा किशोरों की यौन जिज्ञासाओं का समाधान

### डॉ. अग्रवाल बोले, किशोरों के लिए वरदान साबित होगा, डिप्रेशन का भी ईलाज मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पीजीआईएमएस में किशोरों को यौन जिज्ञासाओं और मानसिक बीमारियों का समाधान मिल जाएगा। शिशु रोग विभाग की ओपीडी में किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लीनिक और बाल मार्गदर्शन क्लीनिक शुरू किया गया है। क्लीनिक का शुभारंभ करने के उपरांत पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एचके अग्रवाल ने बताया कि 14 वर्ष तक के बच्चों को शिशु रोग विभाग में इलाज मिल जाता है और 14 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चे कोई बड़ी बीमारी होने पर मेडिसिन विभाग में दिखा अवश्य लेते हैं। अक्सर देखा जाता है कि 14 से 19 वर्ष की किशोरावस्था में काफी तनाव व यौन समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के लिए कोई चयनित चिकित्सक ना होने के चलते युवा झोला छाप और गूगल से इलाज ढूंढकर अपने शरीर को नुकसान पहुंचा लेते थे। ऐसे में युवाओं के इसी दर्द को समझते हुए शिशु रोग विभागाध्यक्ष डॉ. कुंदन मित्तल द्वारा एक स्पेशल क्लिनिक खोलने की मांग की गई जिसे तुरंत प्रभाव से मंजूरी देते हुए एक चिकित्सक भी नियुक्त कर दिया गया है।



रोहतक। क्लीनिक का शुभारंभ के दौरान कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल, निदेशक डॉ. एसके सिंघल, शिशु रोग विभागाध्यक्ष डॉ. कुंदन मित्तल व डीन छात्र कल्याण डॉ. सविता सिंघल।

### उभरता हुआ विभाग

कुलपति डॉ.एचके अग्रवाल ने कहा कि यह विभाग बहुत ही महत्वपूर्ण और उभरता हुआ विभाग है। उन्होंने कहा कि डॉ. कुंदन द्वारा शुरू करवाया गया यह क्लीनिक किशोरों और बच्चों के स्वास्थ्य और मार्गदर्शन के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा प्रदान करेगा। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि हमारा उद्देश्य है बच्चों को स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य प्रदान करना।

### महत्वपूर्ण उपलब्धि

डॉ. एसके सिंघल ने कहा, यह क्लीनिक विश्वविद्यालय की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह किशोरों और बच्चों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा। हमारे विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मरीजों को सर्वोत्तम उपचार प्रदान करेगी।

### काउंसलिंग भी की जाएगी

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल ने कहा कि उनका प्रयास है कि हर युवा को अच्छा स्वास्थ्य उपलब्ध हो और जहां वह अपनी समस्या को आसानी से दिल खोलकर बता सके। डॉ. कुंदन ने कहा कि हम मरीजों को सर्वोत्तम संभव उपचार प्रदान करेंगे। विशेषज्ञ डॉक्टर युवाओं को सेक्स संबंधी समस्याओं के बारे में जानकारी और परामर्श प्रदान करेंगे। डॉ. कुंदन ने बताया कि हर मंगलवार को लगने वाले इस क्लीनिक एंग्जायटी और अवसाद, व्यवहार संबंधी विकार, आत्महत्या के विचार और मादक पदार्थों का सेवन संबंधी काउंसलिंग भी की जाएगी।

### समाधान होगा

डीन छात्र कल्याण डॉ. सविता सिंघल ने कहा कि इस क्लीनिक में युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं, सेक्स संबंधी समस्याओं के बारे में जानकारी, स्वास्थ्य शिक्षा और परामर्श प्रदान किया जाएगा। यहां उन्हें अपनी समस्याओं का समाधान मिलेगा।

# नौकरी का झांसा देकर महिला से गैंगरेप, तीन आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में एक महिला के साथ नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी और गंभीर अपराध का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक व्यक्ति ने फोन के जरिए महिला से संपर्क किया और उसे अच्छी सैलरी वाली नौकरी का लालच दिया। बातचीत के दौरान आरोपी ने महिला को अपने विश्वास में ले लिया और मिलने के लिए तैयार कर लिया। पीड़िता के अनुसार, वह भिवानी चुंगी के पास स्थित एक कॉलोनी की रहने वाली है।

कुछ दिन पहले उसे गोहाना रोड क्षेत्र के एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने उसे नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया। बेहतर भविष्य की उम्मीद में महिला आरोपी की बातों में आ गई और तय स्थान पर मिलने पहुंच गई।

### सुनसान इलाके में ले जाकर वारदात को दिया अंजाम

महिला ने बताया कि वह आईडीसी चौक पर आरोपी से मिलने पहुंची, जहां पहले से ही उसके साथ दो अन्य युवक मौजूद थे। तीनों ने उसे भरोसे में लेकर साथ चलने को कहा। उसे ट्रक यूनियन के पास सुनसान जगह पर ले गए। वहां पहुंचते ही आरोपियों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

### पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच

सिटी थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि महिला के बयान के आधार पर तीनों आरोपियों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेजी से की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### सड़क पर बेसहारा गोवंश बन रहे दुर्घटना का कारण

**सांपला।** कस्बे में इन दिनों बेसहारा गोंवश की बढ़ती संख्या आमजन और वाहन चालकों के लिए गंभीर समस्या बनती जा रही है। मुख्य सड़कों, बाजारों और चौराहे पर घूम में गोवंश दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। इसके बाद भी नगर पालिका प्रशासन इस समाधान के लिए कोई ठोस कदम उठना नजर नहीं आ रहा। इससे लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। पुरानी अनाज मंडी, झज्जर मार्ग मुख्य बाजार आदि स्थानों पर दिनभर नंदी खुलेआम घूमते रहते हैं।

### क्रॉस वोटिंग से कांग्रेस की अंदरूनी कलह उजागर

**रोहतक।** हरियाणा के हालिया राज्यसभा चुनाव में हुई क्रॉस वोटिंग को लेकर प्रदेश की राजनीति में घमासान मचा हुआ है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते कहा कि यह घटनाक्रम पार्टी के भीतर गहराती गुटबाजी और नेतृत्व संकट को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि जब एक ही चुनाव में कांग्रेस के पांच विधायक पार्टी लाइन से हटकर मतदान करते हैं, तो यह संगठनात्मक कमजोरी का संकेत है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस लंबे समय से गुटों में बंटी हुई है।

### सावन हत्याकांड में नौवां आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** रोहतक शहर के पाड़ा मोहल्ला निवासी सावन की चाकू मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने नौवें आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया। पुलिस मामले में गहनता से जांच कर रही है। पुरानी सब्जी मंडी थाना इंचार्ज सुशील कुमार ने बताया कि 24 जनवरी को पाडा मोहल्ला में झगड़ा हुआ था। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। झगड़े में एक युवक पर चाकूओं से हमला किया गया था।

# बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा के सदस्यों के लिए आज डाले जाएंगे वोट, 4167 अधिवक्ता लेंगे भाग, रोहतक से 6 मैदान में

पुलिस प्रशासन ने सभी तैयारियां की पूरी, उपायुक्त ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के चुनाव के लिए जिला न्यायालय परिसर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस चुनाव के लिए 6 मतदान केंद्र बनाए गए हैं और जिले में करीब 4167 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता ने मंगलवार को चुनाव के लिए किए गए प्रबंधों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही पुलिस बल तैनात करने के आदेश दिए गए हैं। बार काउंसिल चुनाव के लिए रोहतक से छह प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं।



**रोहतक।** मतदान केंद्र का निरीक्षण करते उपायुक्त सचिन गुप्ता व अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, मंडल आयुक्त के ओएसडी शुभम व चुनाव तहसीलदार सरला।

#### छह मतदान केंद्र

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, मंडल आयुक्त के ओएसडी शुभम, चुनाव तहसीलदार सरला व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ स्थानीय जिला न्यायिक परिसर में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की बार काउंसिल के चुनाव के लिए किए गए प्रबंधों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि 18 मार्च को सुबह 9 से 5 बजे तक बार काउंसिल चुनाव के लिए मतदान होगा तथा इसके लिए स्थानीय न्यायिक परिसर में 6 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं।

#### ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि बार काउंसिल के चुनाव के लिए प्रशासन द्वारा 6 मतदान पार्टियां तथा दो आरक्षित पार्टियां गठित की गई है। बार काउंसिल के चुनाव शांतिपूर्वक व निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के दृष्टिगत सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए है। उन्होंने कहा कि बार काउंसिल के चुनाव के लिए मंडल आयुक्त के ओएसडी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए गए है। चुनाव कार्यालय द्वारा चुनाव ड्यूटी में तैनात स्टाफ को आज हैंड्स ऑन ट्रेनिंग भी दी गई।

#### हैंड्स ऑन ट्रेनिंग दी

सचिन गुप्ता ने कहा कि चुनाव कार्यालय द्वारा चुनाव स्टाफ को स्थानीय न्यायिक परिसर में चुनाव प्रक्रिया की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग दी गई। इस चुनाव के लिए प्रत्येक मतदान पार्टी में पांच सदस्य शामिल किए गए है तथा चुनाव के लिए दो आरक्षित मतदान पार्टियों सहित 8 मतदान पार्टिया गठित की गई है।

## गंदगी और बदबू से जीना दूभर, डेंगू और मलेरिया का बढ़ रहा खतरा

# शिवाजी कॉलोनी में सीवर ओवरफ्लो से लोग परेशान, 6 माह से नहीं हुआ समाधान

**लगातार गंदा पानी जमा रहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ा**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की शिवाजी कॉलोनी में पिछले करीब छह माह से सीवर ओवरफ्लो की समस्या लगातार बनी हुई है, जिससे स्थानीय लोगों का जीवन बेहद परेशानियों से घिर गया है। कॉलोनी की गलियों में गंदा पानी जमा रहने से न केवल आवागमन बाधित हो रहा है, बल्कि बदबू और गंदगी के कारण लोगों का घरों से निकलना भी मुश्किल हो गया है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार नगर निगम में शिकायत दर्ज करवाई, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। कभी-कभी सफाई कर्मचारी आकर औपचारिकता निभाकर चले जाते हैं, लेकिन सीवर जाम की मूल समस्या जस की तस बनी हुई है। कॉलोनी के लोगों ने बताया कि सीवर का गंदा पानी सड़कों पर फैल जाता है, जिससे छोटे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल जाने वाले बच्चों को रोजाना इसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। निवासियों का कहना है कि लगातार गंदा पानी जमा रहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। वहीं, बदबू के कारण आसपास के घरों में रहना मुश्किल हो गया है। कई लोग मजबूर होकर अपने दरवाजे-खिड़कियां बंद रखने को विवश हैं।

#### सिर्फ आश्वासन देकर टाल रहे

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि संबंधित विभाग के अधिकारी इस समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। कई बार अधिकारियों को मौके पर बुलाया गया, लेकिन केवल आश्वासन देकर मामला टाल दिया जाता है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। कॉलोनीवासियों ने मांग की है कि सीवर लाइन की पूरी तरह से सफाई करवाई जाए और जहां आवश्यकता हो, वहां नई पाइपलाइन डाली जाए, ताकि इस समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

#### जल्द होगा समाधान

हमें शिकायत मिली है तो वहां का समाधान भी हुआ होगा। अगर वहां पर ज्यादा समस्या बनी है तो उसका तुरंत समाधान करवा दिया जाएगा। आमजन को इसके लिए परेशान नहीं होने दिया जाएगा।

-प्रदीप कुमार, एसडीओ, जनस्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग

## अब जनता देगी सफाई का सर्टिफिकेट, शहर होगा स्वच्छ

**गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई तेज, जींद रोड पर दो चालान**
**घर-घर कचरा संग्रहण, व्यवस्था मजबूत करने पर जोर**



**रोहतक।** सफाई व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करते नगर निगम आयुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा। फोटो : हरिभूमि

**रोहतक।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। अब शहर की जनता ही सफाई का फिडबैक देगी की सफाई हुई है या नहीं। स्वच्छ सर्वेक्षण-2025-26 को ध्यान में रखते हुए नगर निगम आयुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने वार्डों में तैनात अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कर सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान आयुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे वार्ड सदस्यों के साथ मिलकर नियमित रूप से सफाई अभियान चलाएं, ताकि जनप्रतिनिधियों की भागीदारी के साथ स्वच्छता कार्यों को गति मिल सके। उन्होंने कहा कि मुख्य सड़कों, गलियों, बाजारों, सार्वजनिक शौचालयों और पार्कों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा इन स्थानों पर निरंतर साफ-सफाई बनी रहनी चाहिए। निगम आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। खुले में कूड़ा फेंकने और कूड़ा जलाने वालों के चालान सुनिश्चित किए जाएं।

#### वार्डों में हो नियमित सफाई

अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे वार्डों में नियमित निरीक्षण करें व सफाई व्यवस्था पर सतत निगरानी बनाए रखें। सफाई कार्य कर रही एजेंसियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे ऑनलाइन ऐप के माध्यम से कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज करें। साथ ही निगम अधिकारी भी इसी ऐप के जरिए सफाई कार्यों की रिपोर्ट अपलोड करें।

**निगम आयुक्त का औचक निरीक्षण**

## शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाना लक्ष्य : डॉ. शर्मा

**सेक्टर-2 सहित कई क्षेत्रों में जांच, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश, लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी**

**रोहतक।** शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम लगातार सक्रिय नजर आ रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम आयुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने विभिन्न वार्डों में औचक निरीक्षण कर सफाई कार्यों की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सेक्टर-2, सेक्टर-2 मार्केट, कन्हेली, दिल्ली रोड और झंग कॉलोनी सहित कई क्षेत्रों का दौरा किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को सफाई व्यवस्था में और अधिक सुधार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने वार्ड सदस्यों और स्थानीय नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। लोगों ने कई स्थानों पर कूड़ा उठाने में देरी और सफाई की कमी की शिकायतें रखीं, जिस पर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को तुरंत समाधान के निर्देश दिए। विशेष रूप से सेक्टर-2 की आंतरिक सड़कों में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने पर जोर दिया गया। डा. आनंद कुमार शर्मा ने मौके पर सफाई कार्यों की गुणवत्ता का बारीकी से निरीक्षण किया। उपस्थित अधिकारियों और एजेंसियों के सुपरवाइजरों से कर्मचारियों की उपस्थिति और कार्यप्रणाली की जानकारी ली। कर्मचारियों को निर्देश देते कहा कि वे पूरी जिम्मेदारी और मेहनत के साथ अपना कार्य करें, ताकि रोहतक शहर स्वच्छता के मामले में बेहतर स्थान हासिल कर सके।



विभिन्न वार्डों में औचक निरीक्षण करते नगर निगम आयुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा व संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी।

#### लापरवाही बर्दाश्त नहीं

इसके साथ ही निगम आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि सफाई कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुपस्थिति बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कर्मचारी समय पर ड्यूटी पर उपस्थित रहें और प्रत्येक घर से नियमित रूप से कूड़ा उठाया जाए। साथ ही गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्रित करने की व्यवस्था को सख्ती से लागू करने पर भी जोर दिया गया।

#### शहर को बनाएंगे सुंदर

आगे भी जारी रहेगा औचक निरीक्षण निरीक्षण के दौरान विभिन्न वार्डों में तैनात अधिकारियों द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था की जांच की गई। जहां कहीं भी सफाई में कमी पाई गई, वहां तुरंत प्रभाव से सफाई कार्य करवाया गया। निगम प्रशासन ने यह भी निर्णय लिया है कि इस प्रकार के औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे, ताकि सफाई व्यवस्था में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जा सके। निगम आयुक्त ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को ध्यान में रखते हुए शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना प्राथमिकता है।

## अफसर की कोताही से सड़क दुर्घटना हुई तो दर्ज होगी एफआईआर : डीसी

- सड़क सुरक्षा के सभी आवश्यक प्रबंध करें : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** लघु सचिवालय में मीटिंग को संबोधित करते उपायुक्त सचिन गुप्ता।

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए समयबद्ध, जवाबदेही आधारित और परिणाम केंद्रित कार्ययोजना तैयार की गई। डीसी मंगलवार को लघु सचिवालय में मीटिंग को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सड़क स्वामित्व एजेंसियों के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते कहा कि वे बेहतर तालमेल के साथ कार्य करते हुए सड़क सुरक्षा के सभी आवश्यक प्रबंध करें ताकि सडक़ दुर्घटनाओं में होने वाली जानमाल की हानि को कम किया जा सके। यदि संबंधित विभाग की कमी की वजह से सडक़ दुर्घटना में किसी नागरिक को जान गंवानी पड़ी तो संबंधित अधिकारी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सडक़ सुरक्षा से संबंधित सभी कार्यों को गंभीरता और प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाये तथा सभी लंबित एजेंडा बिंदुओं पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें।

#### ड्रेन का निर्माण हो

डीसी ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शहर में लगाये गए सीसीटीवी कैमरों को फंक्शनल करवाये ताकि सही तरीके से निगरानी की जा सके। उन्होंने सडक़ स्वामित्व एजेंसियों को निर्देश दिए कि भविष्य में 20 फुट से चौड़ी सभी सडक़ों के निर्माण के दौरान पैडस्ट्रियन एवं स्ट्रॉर्म वाटर ड्रेन का निर्माण अवश्य किया जाये। शहर सडक़ों के किनारे भी पैडस्ट्रियन की व्यवस्था करवाई जाये।

**प्राथमिक उपचार जीवनदायिनी**

## सभी विद्यार्थी प्रशिक्षण को रुचि पूर्वक ग्रहण करें : सचिन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के स्वराज सदन में मंगलवार को यूथ रेड क्रॉस द्वारा ट्रेनिंग ऑन बेसिक फर्स्ट एड एंड कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) विषय पर एक दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बतौर मुख्यातिथि प्रोग्राम का शुभारंभ किया कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उपायुक्त ने कहा कि प्राथमिक उपचार जीवनदायिनी है। विद्यार्थियों से जीवन रक्षक बनने का आह्वान करते कहा कि वे इस प्रशिक्षण को रुचि पूर्वक ग्रहण करें। कहा कि जिले में 5 से 10 हजार वॉलंटियर्स तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है।

#### समाजसेवा में दें योगदान

कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने अध्यक्षीय सम्बोधन में वाईआरसी वॉलेंटियर्स को सेफ्टी, हेल्थ एंड एनवायरनमेंट का मंत्र देते हुए कहा कि वे इनके महत्व को समझे। उन्होंने कहा कि वाईआरसी केवल एक प्रतीक नहीं है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि वे जीवन में सकारात्मक सोच के साथ समाज सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एमडीयू यूथ रेड क्रॉस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ आशा शर्मा ने प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया और ओरियंटेशन प्रोग्राम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

## राज्यसभा सांसद चुने जाने पर कर्मवीर बौद्ध के गांव भैणी महाराजपुर में लड्डू बांटकर मनाई खुशी

- ग्रामीणों ने नाच-गाकर, एक दूसरे को गुलाल लगाया और पटाखे फोड़कर मनाई जीत की खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



**महम।** भैणी महाराजपुर गांव की चौपाल में लड्डू बांटकर जीत की खुशी मनाते ग्रामीण।

राज्यसभा के लिए हरियाणा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे कर्मवीर बौद्ध चुनाव जीत गए हैं। कर्मवीर बौद्ध के राज्यसभा सांसद चुने जाने पर उनके पैतृक गांव भैणी महाराजपुर में जश्न का माहौल है। देर रात को राज्यसभा चुनाव का परिणाम आया। सुबह जब लोग उठे तो उन्हें पता चला कि रात को उनके गांव का प्रत्याशी चुनाव जीत गया है। यह सुनकर ग्रामीणों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। ग्रामीणों ने नाच-गाकर, लड्डू बांटकर और पटाखे फोड़कर जीत की खुशी मनाई। जीत की खुशी में ग्रामीणों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर जीत की बधाई दी। दिनभर गांव में जश्न का माहौल रहा। सुबह से शाम तक गांव के नौजवान, महिलाएं, बच्चे और बूढे डीजे के गानों पर नाचते झूमते नजर आए। गांव की सरपंच दर्शना देवी और उनके पति अत्तर सिंह ने कर्मवीर बौद्ध व उनके परिजनों को जीत के लिए बधाई दी।

#### ये रहे मौजूद

ग्राम पंचायत ने उनकी जीत पर खुशी जाहिर की है। कहा है कि गरीब घर में पैदा होकर राज्यसभा की कुर्सी तक पहुंचना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। पूरे गांव के लिए यह गर्व की बात है। सरपंच दर्शना देवी के पति अत्तर सिंह ने कहा कि राज्यसभा नवनियुक्त सांसद का स्वागत समारोह आयोजित किया जाएगा। बिजेंद्र, रामनिवास, ईश्वर, प्रकाश, जयभगवान, सागर, प्रदीप, महेंद्र, सोनू आदि मौजूद रहे।



**रोहतक।** बेटी के जन्म पर कुआं पूजन करने जाती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

## बेटी के जन्म पर कुआं पूजन कर मनाई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अस्थल बोहर बाबा मस्तनाथ के सामने गली नं. पांच में बेटी के जन्म पर कुआं पूजन किया गया। सुरेंद्र नांदल व अनीत देवी के घर पर पौत्री का जन्म हुआ है। इनके पुत्र विजय नांदल व पुत्रवधु मोनिका ने अपनी पुत्री दीवांशी के जन्म पर कुआं पूजन करते हुए नई मिशाल पेश की। बेटी पैदा होने पर मोहल्ले के लोगों को भोजन करवाया गया और डीजे के साथ नाच-गाकर कुआं पूजन करवाया गया।

कुआं पूजन पारंपरिक रूप से पुत्र के लिए की जाने वाली रश्म है, लेकिन अब समाज में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बेटियों के जन्म पर खुशी मनाई गई। इस अवसर पर बिरेंद्र नांदल, समशेर, राजेश, सनी ने बेटी को आशीर्वाद दिया।

**बैठक** | **मदवि में सत्र 2025-26 के लिए एनएसएस परामर्शदायी समिति की बैठक का आयोजन**

## एनएसएस युवाओं को समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण और सामाजिक सरोकारों से जोड़ती है : प्रो.एससी मलिक

एनएसएस से बड़ी कोई योजना नहीं, पूरे हिंदुस्तान को देना चाहिए बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** एनएसएस परामर्शदायी समिति की बैठक लेते अध्यक्षता डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस.सी. मलिक। फोटो : हरिभूमि

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में सत्र 2025-26 के लिए एनएसएस परामर्शदायी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस.सी. मलिक ने की। उन्होंने कहा कि एनएसएस से बड़ी कोई योजना नहीं है और पूरे हिंदुस्तान को इस योजना को और बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि एनएसएस के माध्यम से युवाओं को समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण तथा सामाजिक सरोकारों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया जाता है। बैठक में एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थियों को सामाजिक गतिविधियों, राष्ट्र सेवा तथा जन-जागरूकता कार्यक्रमों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया।

स्टेट एनएसएस ऑफिसर डॉ. दिनेश कुमार ने बैठक में बताया कि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के एनएसएस सेल द्वारा बहुत अच्छे कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सत्र 2025-26 में एमडीयू के एनएसएस सेल द्वारा आयोजित किया गया नेशनल इंटीग्रेशन कैंप (एनआईसी) हरियाणा के सभी एनआईसी में से शीर्ष दो में रहा, जो विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है। साथ ही उन्होंने एनएसएस की प्रगति तथा विभिन्न गतिविधियों के प्रभाव के बारे में भी जानकारी दी।

एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक प्रो. सविता राठी ने सत्र 2024-25 में आयोजित की जा चुकी एनएसएस गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

#### पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आने वाले सत्र में विश्वविद्यालय/ जिला स्तर पर 5 पुरुष एवं 5 महिला सर्वश्रेष्ठ एनएसएस वालंटियर्स का चयन किया जाएगा। इसके साथ ही 3 सर्वश्रेष्ठ एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर्स तथा एनएसएस गतिविधियों के आधार पर 3 सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालयों को भी पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस प्रस्ताव को समिति के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से मंजूरी प्रदान की।

# 58 वर्षीय अरविंद पाल दहिया ने नेशनल वेटेरन एथलेटिक्स में जीते चार पदक

## गुरु काशी यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, तलवंडी साबो में हुई स्पर्धा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

बीएसएनएल मुख्यालय नई दिल्ली में सहायक महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत और रोहतक रनर्स ग्रुप के धावक 58 वर्षीय अरविंद पाल दहिया ने अपनी शानदार उपलब्धि से क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

उन्होंने 14 से 16 मार्च तक गुरु काशी यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, तलवंडी साबो (जिला भटिंडा, पंजाब) में आयोजित 45वीं नेशनल वेटेरन एथलेटिक चैंपियनशिप में कुल चार पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। अरविंद दहिया ने 55 आयु वर्ग में 1500 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा उन्होंने 5 किलोमीटर दौड़ और 4x400 मीटर रिले रेस में द्वितीय स्थान प्राप्त कर दो रजत पदक अपने नाम किए। वहीं 800 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल किया। नियमानुसार प्रत्येक एथलीट रिले रेस को छोड़कर अधिकतम तीन व्यक्तिगत स्पर्धाओं में ही भाग ले सकता है, बावजूद इसके दहिया ने बेहतरीन प्रदर्शन कर चार पदक जीतकर अपनी फिटनेस और समर्पण का परिचय दिया। उनकी इस उपलब्धि से खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है।



## आईबी विद्यालय में ओपन योग व जिम्नास्टिक टूर्नामेंट के विजेता सम्मानित

रोहतक। आईबी विद्यालय में ओपन योगा एवं जिम्नास्टिक टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में अंडर-5, अंडर-7, अंडर-9, अंडर-11 और अंडर-14 वर्ग के बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। वहीं योगा प्रतियोगिता में अंडर-10 और अंडर-14 वर्ग के विद्यार्थियों ने अपनी लचीलापन, संतुलन और एकाग्रता का बेहतरीन प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए योगासन और जिम्नास्टिक कौशल ने दर्शकों और अभिभावकों को काफी प्रभावित किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक फिटनेस, मानसिक संतुलन, आत्मविश्वास और खेलों के प्रति रुचि को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के अंत में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी गई। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## इशांत का राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए चयन

रोहतक। रोहतक में 15 मार्च 2026 को आयोजित डिस्ट्रिक्ट सब जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 में द आर्यन ग्लोबल स्कूल के कक्षा सातवीं के छात्र इशांत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। इस जीत के साथ ही इशांत ने राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए अपना चयन सुनिश्चित कर लिया है। उनकी इस उपलब्धि से स्कूल और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इशांत ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। प्रतियोगिता के दौरान उन्होंने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन कर निर्णायकों और दर्शकों को प्रभावित किया। स्कूल के प्रिंसिपल राजकुमार खन्ना ने इशांत को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि स्कूल के लिए गर्व की बात है और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने भी इशांत के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इशांत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच, माता-पिता और स्कूल के सहयोग को दिया। अब वह राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

## वेटरन एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप में सतबीर हुड्डा ने स्वर्ण और अशोक कादयान ने जीता रजत पदक

रोहतक। पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कादयान ने 45वीं भारतीय वेटरन एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप में हेमर थ्रो खेल में रजत पदक जीतकर जिला रोहतक का नाम रोशन किया। वही, जिले के सतबीर हुड्डा ने 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। पंजाब के जिले बठिंडा में आयोजित इस चैम्पियनशिप में इस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने 36.85 मीटर की दूरी पर गोला फेंका। इससे पूर्व इस खिलाड़ी ने लगभग 150 राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मेडल जीते हैं। जिले के लोगों ने शुभकामनाएं दी तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हाल में ही यह खिलाड़ी बेरी में खंड शिक्षा अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। हरियाणा राजकीय अध्यापक कल्याण संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामबीर ककराना ने इसे शिक्षा जगत की विशेष उपलब्धि कहा है। समय-समय पर पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी ने खेल जगत में शिक्षा जगत का नाम रोशन किया है।



अशोक कादयान।




सतबीर हुड्डा।




रोहतक। आयोजित वार्षिक खेल उत्सव में विजेताओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि प्रो. राधेश्याम, कंसल्टेंट, सीडीएस, प्रो राज कुमार एमडीयू, बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रार, डॉ विनोद कुमार व निदेशक सन्दीप कुमार।

# शॉट पुट में मंजू और राजबीर ने हासिल किया प्रथम स्थान

- खेल उत्सव के समापन पर हुआ समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सिरतार संस्थान में एडीसी नरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में वार्षिक खेल उत्सव के समापन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि इन्नर व्हील क्लब सिटी अध्यक्ष राज अरोड़ा रही। प्रो. राधेश्याम, कंसल्टेंट, सीडीएस, प्रो राज कुमार एमडीयू, रोहतक, डॉ विनोद कुमार, रजिस्ट्रार, बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी, डॉ चमत्कार नागर फिजियोथैरेपिस्ट, सहयोग सारथी सोसाईटी, मनेजिंग डारेक्टर स्पोर्ट्स वियर सुबोध तथा निदेशक सन्दीप कुमार विशिष्ट अतिथि रहे। इस अवसर पर डॉ ए.डी. पासवान ने मुख्य अतिथियों के पधारने पर उनका बुके देकर हार्दिक स्वागत किया तथा मुख्यतिथि व विशिष्ट अतिथियों द्वारा संस्थान के प्रांगण में पौधरोपण किया गया। राज अरोड़ा ने अपने सम्बोधन में दिव्यांगजनों के आत्मविश्वास, प्रतिभा एवं खेल भावना की सराहना करते कहा कि ऐसे आयोजन उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सिरतार में प्रतिवर्ष किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की।

### ये रहे प्रतियोगिताओं के परिणाम

विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में शॉट पुट में महिला स्टाफ में मंजू प्रथम, बबीता द्वितीय व सुमित्रा देवी तृतीय स्थान पर रही। शॉट पुट में पुरुष स्टाफ में राजवीर प्रथम, प्रदीप द्वितीय व विजय तृतीय स्थान पर रहे। 50 मीटर की दौड़ महिला स्टाफ में महिमा प्रथम बबीता दूसरे व सुनील तीसरे स्थान पर रही। 100 मीटर स्टॉफ पुरूष दौड़ पवन प्रथम, रॉकी द्वितीय स्थान व संजीव राठी तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर की दौड में मनीष प्रथम, लोकेश द्वितीय व नवीन तृतीय स्थान पर रहे। बैडमिन्टन में सुमित प्रथम, कुनाल द्वितीय, संजीव तीसरे स्थान पर तथा टेबल टेनिस में मुस्कान प्रथम, यशीता दूसरे स्थान कोमल तीसरे स्थान पर रही। चौस में कमलकान्त प्रथम, विशाल दूसरे तथा विनय तीसरे स्थान पर रहे। एसबीटी बॉयज में आरव प्रथम, समीर द्वितीय व साहिल तृतीय स्थान तथा एसबीटी गर्ल्स में भाविका प्रथम, संजना द्वितीय व परी तृतीय स्थान पर रही। एडीसी नरेन्द्र कुमार ने वार्षिक खेलोत्सव के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर प्राचार्य को बधाई दी। मुख्य अतिथि ने सभी विजेता खिलाड़ियों को उनके शानदार खेल प्रदर्शन के लिए पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया।

## नुक्कड़ नाटक से जगाई शिक्षा की अलख



रोहतक। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पिलाना ने सरकारी स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं और सरकार की जनहितकारी योजनाओं के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए एक अनूठी पहल की है। विद्यालय की ओर से आयोजित एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को राजकीय विद्यालयों में उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, योग्य शिक्षकों और आधुनिक संसाधनों की जानकारी दी गई। इस नाटक के जरिए विद्यार्थियों ने मिड-डे मील, फ्री टैबलेट वितरण और डिजिटल बोर्ड जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं के महत्व को बारीकी से समझाया। इस विशेष प्रस्तुति को दादा लखमी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (रोहतक) के प्रोफेसर विभांशु वैभव के मार्गदर्शन में विद्यालय के प्राचार्य और स्टाफ की देखरेख में तैयार किया गया था। विद्यालय प्रबंधन की इस सार्थक पहल का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। दर्शकों ने न केवल तालियों के साथ विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया, बल्कि उन्हें पुरस्कार और आशीर्वाद देकर उनके हौसले को भी बढ़ाया।

## टैली प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का शुभारंभ



रोहतक। श्री लाल नाथ हिंदू कॉलेज के वाणिज्य विभाग ने स्वास्तिक इंस्टिट्यूट के सहयोग से टैली प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में लेखांकन एवं वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में टैली का विशेष महत्व है। यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करेगा तथा उनके रोजगार के अवसरों को भी बढ़ाएगा। वाणिज्य विभागाध्यक्षा डॉ. रश्मि छाबड़ा ने बताया कि प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक लेखांकन सॉफ्टवेयर की जानकारी देना तथा उन्हें उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना है। कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञ वक्ता मुकेश जुनेजा ने टैली के उपयोग, उसकी विशेषताओं एवं करियर की संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों ने भी इस पाठ्यक्रम के प्रति उत्साह व्यक्त किया और इसे अपने भविष्य के लिए उपयोगी बताया। इस अवसर पर डॉ. दीप्ति शर्मा, डॉ. राजेश गहलावत, डॉ. आंचल, मिसेज़ रितु खुराना व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# धार्मिक उन्माद फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीएम व डीएसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

बांग्लादेशी रोहिंग्या के मुद्दे पर भाजपा नेता अजीत अहलावत द्वारा सोमवार को चौबीसी चबूतरे पर आयोजित की गई पंचायत में असम से आकर महम में रह रहे परिवारों को 15 दिन के भीतर शहर से बाहर निकालने का फरमान सुनाए जाने के मुद्दे को लेकर कई राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

मंगलवार को अखिल भारतीय किसान सभा, सीटू नेता और अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने एसडीएम विपिन कुमार और डीएसपी ऋषभ सोढी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि महम शहर में धार्मिक उन्माद फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

उन्हें पता चला है कि असम राज्य के करीब 40 परिवार यहां पर कूड़ा बीनने और दिहाड़ी मजदूरी का काम करते हैं। लोगों को शहर से बाहर निकालने के लिए पंचायत में फरमान जारी किया गया है। यह बिल्कुल गलत है और गैर वैधानिक फैसला है। इन लोगों को पंचायत ने बांग्लादेशी बताया है। जबकि पुलिस इस बात की जांच कर चुकी है।



महम। एसडीएम व डीएसपी को ज्ञापन सौंपने पहुंचे विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी।

### शरारती तत्वों पर लगे लगाम

जांच में सिद्ध हो चुका है कि ये बांग्लादेशी नहीं हैं। महम क्षेत्र शांतिप्रिय है। यहां के लोग आपस में मिलजुलकर जीवन यापन करते हैं। महम प्रशासन से अनुरोध है कि शरारती तत्वों पर लगाम लगाते हुए क्षेत्र की शांति कायम रखी जाए। 20 व 21 मार्च को मुसलमान भाइयों का प्रमुख त्योहार ईद है। हर वर्ष की भांति इस बार भी यह शहर के कब्रिस्तान के पास धर्मशाला में मनाया जाएगा। इस दौरान किसी तरह का कोई व्यवधान और विवाद पैदा न हो, इसके लिए चौकसी बरती जाए। इस मौके पर अखिल भारतीय किसान सभा से बलवान सिंह, सीटू से जिला प्रधान प्रकाश, अनवर हुसैन और राय सिंह नहरा समेत विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## एचबीएसई: 12वीं के 2046 विद्यार्थियों ने दिया गणित का पेपर

रोहतक। मंगलवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा के गणित विषय की परीक्षा हुई। जिला में 12वीं कक्षा के गणित विषय की परीक्षा में 2073 विद्यार्थियों में से 2046 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि 27 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने बताया कि पेपर आसान आया हुआ था। पेपर एनसीआरटी के अंदर से आया हुआ था। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बोर्ड परीक्षाओं को सुचारू ढंग व नकल रहित संपन्न करवाने के दृष्टिगत उडऩदस्ते गठित किये गए है तथा डयूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किये गए है। पुलिस द्वारा भी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गए है। जिला में इन बोर्ड परीक्षाओं के 45 परीक्षा केंद्र स्थापित है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आगामी एक अप्रैल तक 12वीं कक्षा की परीक्षाएं आयोजित करवाई जा रही है। इसी तरह आगामी 20 मार्च तक 10वीं कक्षा की परीक्षाएं तथा डीएलएड की परीक्षाएं आयोजित करवाई जा रही है। जिला में बोर्ड परीक्षाओं की निगरानी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष 01262-271871 है। नियंत्रण कक्ष में प्राचार्य स्तर के अधिकारी व अन्य स्टाफ तैनात किया गया है।



रोहतक। परीक्षा केंद्र से आते विद्यार्थी।

## प्रभावी टीम प्रबंधन के लिए भावनात्मक बुद्धिमत्ता अत्यंत महत्वपूर्णः डॉ प्रियंका

रोहतक। महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर में मंगलवार को दूसरे दिन गांव माडोदी जाटान के सरकारी विद्यालय में एनएसएस स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए एमडीयू के इमसार की प्राध्यापिका डॉ प्रियंका यादव ने कहा कि प्रभावी टीम प्रबंधन के लिए भावनात्मक बुद्धिमत्ता अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ. प्रियंका यादव ने टीम प्रबंधन में भावनात्मक बुद्धिमत्ता विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्म-जागरूकता, आत्म-प्रबंधन, सामाजिक दायित्व और जागरूकता तथा स्वानुशासन जैसे महत्वपूर्ण आयामों को जीवन और कार्यक्षेत्र में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इन गुणों के माध्यम से व्यक्ति न केवल अपने व्यवहार और भावनाओं को संतुलित कर सकता है, बल्कि टीम के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए नेतृत्व क्षमता को भी सुदृढ़ बना सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी समझाया कि भावनात्मक रूप से परिपक्व व्यक्ति चुनौतियों का सामना अधिक सकारात्मक और प्रभावी ढंग से कर पाता है, जिससे टीम की कार्यक्षमता और सामूहिक सफलता दोनों में वृद्धि होती है। इससे पहले के सत्र में सभी स्वयंसेवकों का गाँव के सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. गोपाल सिंह से संवाद हुआ।

## विद्यार्थियों ने देखी अमूल डेयरी संयंत्र की कार्यप्रणाली

रोहतक। महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी के इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च (इमसार) की ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा विद्यार्थियों के लिए अमूल डेयरी संयंत्र, रोहतक का शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस औद्योगिक भ्रमण के लिए विद्यार्थियों के दल को संस्थान के निदेशक प्रो. प्रदीप के अहलावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान करते हैं, जिससे उन्हें उद्योगों की कार्यप्रणाली को निकट से समझने का अवसर मिलता है। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों के दल ने अमूल डेयरी संयंत्र की कार्यप्रणाली का विस्तार से अवलोकन किया। कार्यक्रम का समन्वय प्रो. कर्मवीर श्योकंद तथा प्रो. सोनिया ने किया, जबकि संस्थान के प्रशिक्षण एवं नियुक्ति अधिकारी डॉ. सौरभ कांत ने समस्त व्यवस्थाओं का संचालन किया। छात्र स्वयंसेवकों जतिन, निक्की, वंशिका और गेष्णा ने भी कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने में सक्रिय सहयोग दिया।



रोहतक। अमूल डेयरी संयंत्र, रोहतक का शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण करते विद्यार्थी।

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
- Neuro Surgery
- General Medicine
- General Surgery
- Orthopedics
- ब्रेन, रीढ़ की हडि्डयों का ईलाज
- दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
- पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज
फौजी भाईयों का इलाज ECHS
- हरियाणा सरकार
- आयुष्मान भारत
- ESIC
के पैनल पर
DR. BALKISHAN GOEL
M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HOU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE

कार्यक्रम | महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने लॉन्च किया कैंपेन

# नारा लेखन में अंतिमा प्रथम, चंचल द्वितीय व भाविका ने हासिल किया तीसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर नेशन वाइड ह्यूमन पापिल्लोमावायरस (एचपीवी) वैक्सीनेशन कैंपेन विषय पर विभिन्न प्रतियोगितात्मक गतिविधियों का आयोजन किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में विज्ञान संकाय के विभिन्न विभागों से बड़ी संख्या में प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। प्रतियोगिता का मूल्यांकन प्रो. नीलम और प्रो. रचना ने किया। माइक्रोबायोलॉजी विभाग की अंतिमा ने प्रथम, चंचल ने द्वितीय और भाविका ने और तृतीय स्थान प्राप्त किया। एचपीवी संक्रमण से होने वाला गर्भाशय ग्रीवा कैंसर भारत में महिलाओं में कैंसर से होने वाली मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है, लेकिन समय पर टीकाकरण और नियमित जांच के माध्यम से इसे काफी हद तक रोका जा सकता है। कार्यक्रम की संयोजक माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा सुनेजा तथा आयोजन सचिव डॉ. पूजा गुलाटी रहीं। आयोजन दल में प्रो. के.के. शर्मा, डॉ. अनीता संताल, डॉ. राजीव कपूर और डॉ. संजय शामिल रहे। एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने एचपीवी टीकाकरण अभियान के प्रति जागरूकता फैलाने और इसके महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. अमिता सुनेजा डांग और प्रो. रितु यादव ने किया। इसमें सेंटर ऑफ बायोइनफॉर्मेटिक्स के आयुष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि माइक्रोबायोलॉजी विभाग की अंशिता द्वितीय स्थान पर रहीं। तृतीय स्थान किरण (सेंटर फॉर मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी) और नूर फिजा (एमएससी माइक्रोबायोलॉजी) को संयुक्त रूप से मिला।



रोहतक। नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के साथ माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा सुनेजा तथा आयोजन सचिव डॉ. पूजा गुलाटी। फोटो: हरिभूमि

### पोस्टर मेकिंग में अनु रही अव्वल

पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने एचपीवी टीकाकरण अभियान पर आकर्षक और रंगीन हस्तनिर्मित पोस्टर तैयार किए। इसका मूल्यांकन डॉ. दर्शना और डॉ. गीता ने किया। इसमें माइक्रोबायोलॉजी विभाग की अनु ने प्रथम, सबरा ने द्वितीय तथा भाविका और तन्नु/दिक्षा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। छाया चित्रण प्रतियोगिता में भी विद्यार्थियों ने रचनात्मक छायाचित्र प्रस्तुत किए। इसका मूल्यांकन डॉ. नीलकमल और डॉ. मेहक डांगी ने किया। इसमें माइक्रोबायोलॉजी विभाग की टीमों ने प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि तृतीय स्थान बायोइनफॉर्मेटिक्स विभाग की टीम को मिला।

## 262 निजी स्कूलों की 1862 सीटों पर निःशुल्क दाखिला ले सकेंगे विद्यार्थी

- 114 निजी स्कूलों ने अभी भी नहीं दिया पोर्टल पर सीटों का ब्यौरा

रोहतक। शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों के लिए प्रदेश के निजी स्कूलों में निशुल्क शिक्षा दी जाएगी। जिले के 262 निजी स्कूलों की 1862 सीटों पर बच्चे आरटीई के तहत दाखिला ले सकेंगे। 114 निजी स्कूल अभी ऐसे भी है, जिन्होंने पोर्टल पर सीटों का ब्यौरा नहीं दिया है। जिले में वर्तमान में 376 मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूल संचालित किए जा रहे है। इन स्कूलों में आरटीई के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जाएगी। इसके लिए शिक्षा विभाग की ओर से मंगलवार तक जिले के सभी प्राइवेट स्कूलों को आरटीई के तहत उपलब्ध सीटों का ब्यौरा देने के आदेश दिए गए है, लेकिन अभी तक इनमे से जिले के 69 प्रतिशत स्कूलों ने सीटों का ब्यौरा अपलोड किया है। शिक्षा विभाग की ओर से राइट टू एजूकेशन (आरटीई) के तहत एडमिशन के लिए शेड्यूल जारी कर दिया गया है। जिसके अनुसार 31 मार्च से दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके लिए शिक्षा विभाग की ओर से जारी शेड्यूल के अनुसार 17 मार्च तक सीटों का ब्यौरा मांगा गया है। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा 18 मार्च से 24 मार्च तक स्कूलों से प्राप्त सीटों और संबंधित दस्तावेजों की सत्यापन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। 25 से 30 मार्च तक सत्यापित स्कूलों की अपने अपने स्कूलों में सूची सार्वजनिक करनी होगी, ताकि अभिभावकों को सीटों की जानकारी मिल सकें।

## जसिया में जल्द तैयार होगा 8904 क्यूबिक मीटर क्षमता का जलघर

# तीन माह में मिलेगा 6 गांवों के 50,000 लोगों को पानी

### डेढ़ करोड़ की लागत से दबाई जा रही पाइपलाइन, मिलेगी नियमित सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। डेढ़ करोड़ रुपये की कीमत से जसिया गांव में 8904 क्यूबिक मीटर क्षमता का एक विशाल जलघर (वाटर टैंक) तैयार किया जा रहा है, जिसका निर्माण कार्य विधिवत रूप से शुरू हो चुका है। करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह प्रोजेक्ट क्षेत्र की पेयजल समस्या को दूर करने में अहम भूमिका निभाएगा। तीन माह बाद कार्य पूरा होने के बाद छह गांवों के लगभग 50 हजार से अधिक लोगों को नियमित और पर्याप्त पानी की सप्लाई मिल सकेगी। इस जलघर का निर्माण जसिया के सरपंच ओमप्रकाश हुड्डा की मेहनत और प्रयास से ही शुरू हो पाया है। लंबे समय से ग्रामीणों को पेयजल की कमी का सामना करना पड़ रहा था, जिसे देखते हुए सरपंच ने इस परियोजना को मंजूरी दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए। अब जाकर यह योजना धरातल पर उतरती नजर आ रही है, जिससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। इस जलघर में पानी की आपूर्ति रिठाल से निकलने वाली जेएलएन (जवाहरलाल नेहरू) नहर से की जाएगी। इसके लिए 18 इंच की पाइपलाइन दबाने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। पाइपलाइन बिछाने का काम तेजी से किया जा रहा है ताकि जलघर के निर्माण के साथ-साथ जल आपूर्ति की व्यवस्था भी समय पर पूरी हो सके।


जलघर में निचली सतह का किया जा रहा निर्माण।


नहर से जलघर तक पाइपलाइन दबाते हुए।

#### इन गांवों को फायदा

इस परियोजना का लाभ जसिया के अलावा बसंतपुर, कान्ही, घिलौड़ कलां, घिलौड़ खुर्द और ब्राह्मणवास गांव के लोगों को मिलेगा। इन सभी गांवों में लंबे समय से पानी की किल्लत बनी हुई थी, खासकर गर्मी के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती थी। महिलाओं और बच्चों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ता था, जिससे उनकी दिनचर्या प्रभावित होती थी। लेकिन अब इस जलघर के बनने के बाद इन समस्याओं से काफी हद तक निजात मिलने की उम्मीद है।

#### सरपंच व ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

ग्रामीणों ने इस योजना के शुरू होने पर खुशी जाहिर करते हुए सरकार और प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। सरपंच ने भी सभी गांवों की जनता की ओर से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विशेष धन्यवाद किया है, जिनके सहयोग से यह परियोजना संभव हो पाई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह जलघर क्षेत्र के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है।

#### दिन में दो बार होगी सप्लाई



निर्माण कार्य पूरा होने के बाद सभी छह गांवों में दिन में दो बार नियमित रूप से पानी की सप्लाई दी जाएगी। इससे न केवल पीने के पानी की समस्या दूर होगी, बल्कि स्वच्छता और स्वास्थ्य स्तर में भी सुधार देखने को मिलेगा। जलघर 15 दिन में पूरी तरह से तैयार हो जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विशेष धन्यवाद किया है, जिनके सहयोग से यह परियोजना संभव हो पाई है। **-ओमप्रकाश हुड्डा, सरपंच, जसिया**

---



### याद बहुत आते हैं वो दिन...

## माता-पिता के संस्कार व अनुशासन ही बना जीवन की सबसे बड़ी ताकत

*भारतीय वायुसेना से रिटायर अजीत सिंह भारद्वाज ने बताया कि मैंने गांव की माटी से उठकर आसमान तक उड़ान भरी और सेवा के साथ परिवार को भी मजबूत नींव दी। महज 18 साल की उम्र में, 1984 में उन्होंने भारतीय वायु सेना जॉइन कर सपने को हकीकत में बदला।*

खरेंटी गांव की मिट्टी से उठकर भारतीय वायु सेना में वारंट ऑफिसर बने अजीत सिंह भारद्वाज की कहानी संघर्ष, मेहनत और देशभक्ति की एक सशक्त मिसाल है। एक साधारण किसान परिवार में जन्मे अजीत सिंह ने बचपन से ही मेहनत को अपनी आदत बना लिया था। खेतों में माता-पिता का हाथ बंटाते हुए उन्होंने जिम्मेदारी और अनुशासन सीखा, जो आगे चलकर उनकी सबसे बड़ी ताकत बना। गांव के सरकारी स्कूल से पढ़ाई करते हुए वे हमेशा अव्वल रहे। पढ़ाई के साथ कबड्डी और कुश्ती में भी उनका दबदबा था। लेकिन उनके सपने इससे कहीं बड़े थे। देश की वर्दी पहनकर सेवा करना। महज 18 साल की उम्र में, 1984 में उन्होंने भारतीय वायु सेना जॉइन कर सपने को हकीकत में बदला।


अजीत सिंह भारद्वाज



#### हर चुनौती को सटीकता और धैर्य से संभाला

मद्रास (चेन्नई) में प्रशिक्षण के बाद असम से शुरू हुआ उनका सफर जम्मू, श्रीनगर, हैदराबाद, सूरतगढ़, जामनगर, पूर्णिया, सिरसा और गोरखपुर जैसे अहम ठिकानों तक पहुंचा। एयर ट्रैफिक कंट्रोल जैसे बेहद जिम्मेदारी भरे विभाग में काम करते हुए उन्होंने हर चुनौती को सटीकता और धैर्य से संभाला। उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए उन्हें चीफ ऑफ एयर स्टाफ द्वारा सम्मानित भी किया गया। करीब 39 साल देश सेवा को समर्पित करने वाले अजीत सिंह के जीवन में उनकी पत्नी का योगदान भी उतना ही अहम रहा, जिन्होंने हर पोस्टिंग पर परिवार को मजबूती से संभाला। आज उनकी मेहनत का फल उनके बच्चों की सफलता में झलकता है। दो बेटियां मल्टीनेशनल कंपनियों में इंजीनियर हैं, जबकि बेटा कॉर्पोरेट दुनिया में कदम रखने को तैयार है। सेवानिवृत्ति के बाद भी अजीत सिंह युवाओं के लिए प्रेरणा बने हुए हैं। आज अजीत सेवानिवृत्त जीवन में अपने परिवार के साथ समय बिता रहे हैं। वे स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखते हैं, युवाओं को मार्गदर्शन देते हैं और अपने अनुभवों से नई पीढ़ी को प्रेरित करते हैं।

#### ईमानदारी के पथ पर कृष्ण




रेलवे पुलिस में सेवा देते हुए कृष्ण भारद्वाज ने अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाया। नौकरी के दौरान अनुशासन और सतर्कता उनकी सबसे बड़ी ताकत रही। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने ईमानदारी का रास्ता नहीं छोड़ा। सेवानिवृत्ति के बाद अब उनका जीवन सरल और खुशहाल हो गया है। वे दोस्तों के साथ हंसी-मजाक और ताश खेलते हुए समय बिताते हैं।

#### ज्ञान के दीपक रामनिवास



सेवानिवृत्त शिक्षक रामनिवास शर्मा ने अपना पूरा जीवन शिक्षा को समर्पित किया। उन्होंने बच्चों को केवल किताबों का ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन के मूल्य, अनुशासन और सही राह पर चलने की सीख भी दी। उनके पढ़ाए छात्र आज विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हासिल कर रहे हैं, जो उनके लिए गर्व का विषय है। सेवानिवृत्ति के बाद वे परिवार के साथ समय बिताते हैं, खासकर अपने पौते के साथ खेलना उन्हें सुकून देता है।

#### उरी सेक्टर का वीर सत्यवीर



सेना से सेवानिवृत्त सत्यवीर मलिक ने अपने जीवन के 15 महत्वपूर्ण वर्ष देश सेवा को समर्पित किए। वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान वे जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में तैनात रहे और कठिन परिस्थितियों में साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया। सेवानिवृत्ति के बाद वे सादगीपूर्ण जीवन जीते हुए युवाओं को अनुशासन का संदेश दे रहे।

---

### खबर संक्षेप

#### छात्रों को एआई के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया

**रोहतक।** पंडित नेकी राम शर्मा सरकारी कॉलेज दो दिवसीय एआई कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कंप्यूटर विभाग के सभी छात्रों ने भाग लिया और एआई के मूलभूत सिद्धांतों, व्यवसाय में इसके अनुप्रयोग, और भविष्य के करियर की संभावनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

#### होली के दिन हुए झगड़े में एक और आरोपी काबू

**रोहतक।** जिले के गांव बनियानी में होली के दिन हुए झगड़े में विक्रम की हत्या के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस वारदात में शामिल 13 आरोपियों को पहले ही काबू किया जा चुका है। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से आगे की कार्रवाई की जा रही है।

#### सराय अहमद व भैयापुर में चलाया तोड़-फोड़ अभियान

**रोहतक।** जिला प्रशासन द्वारा मंगलवार को गांव सराय अहमद व भैयापुर में लगभग साढ़े 9 एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों में पांच अवैध निर्माणों को तोड़ा गया। अभियान के दौरान गांव सराय अहमद में दो अवैध निर्माणों तथा गांव भैयापुर में एक अवैध कॉलोनी में तीन अवैध निर्माणों को तोड़ा गया। इस तोड़-फोड़ अभियान में जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे।

## डोभ में सिखाया एक साथ कीट, रोग व खरपतवार नियंत्रित करने का तरीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



कृषि एवं किसान कल्याण विभाग रोहतक की ओर से गांव डोभ में किसानों को सब्जियों व रबी फसलों में एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन (आईपीएम) यानी कीट, रोग और खरपतवार को एक साथ नियंत्रित करने की विधि सिखाई। डोभ में कीटनाशकों के सुरक्षित उपयोग को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंगलवार को इसका समापन हुआ। प्रोग्राम में आधुनिक कृषि तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में वनस्पति संरक्षक अधिकारी डॉ. लक्ष्मीचंद ने किसानों को बताया कि फसलों में कीट व रोगों का प्रबंधन केवल रासायनिक दवाइयों पर निर्भर होकर नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि जैविक, यांत्रिक और सांस्कृतिक उपायों को भी अपनाना जरूरी है। उन्होंने समझाया कि एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन के माध्यम से किसान फसलों की लागत कम कर सकते हैं और उत्पादन को सुरक्षित व गुणवत्तापूर्ण बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि समय पर फसल निरीक्षण करना, कीटों की पहचान करना और उनके जीवन चक्र को समझना बेहद जरूरी है। इसके आधार पर ही सही समय पर नियंत्रण उपाय अपनाए जा सकते हैं। उन्होंने फेरोमोन ट्रैप, लाइट ट्रैप, नीम आधारित जैविक कीटनाशकों और लाभकारी कीटों के संरक्षण जैसे उपायों पर विस्तार से चर्चा की।

### 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को करवाए जा रहे कोर्स

## राजकीय विद्यालयों में कौशल विकास को लगे पंख, 1.33 करोड़ का बजट मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने एक बड़ा कदम उठाया है। व्यावसायिक शिक्षा के तहत 9वीं से 12वीं तक पढ़ाए जा रहे कौशल विकास कोर्सों का कच्चा माल (रॉ मटेरियल) खरीदने के लिए परियोजना परिषद ने करीब 1.33 करोड़ रुपये की राशि जारी की है। इस राशि का उपयोग स्कूलों में विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल कार्य करवाने के लिए आवश्यक कच्चा माल खरीदने में किया जाएगा। विभाग द्वारा कुल 15 कौशल विकास कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। विभाग की ओर से कक्षा 9 से लेकर 12वीं तक विद्यार्थियों को आईटी, कृषि, सिलाई मशीन ऑपरेटर, ऑटोमोटिव, असिस्टेंट ब्यूटी थेरेपिस्ट, हेल्थकेयर, रिटेल, बैंकिंग और फाइनेंस, फिजिकल एजुकेशन, सिक्योरिटी गार्ड, टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी, मीडिया और मनोरंजन, प्लंबिंग, पावर व निर्माण कौशल विकास कोर्स करवाएं जा रहे हैं। इनमें से सात कोर्सों के लिए विभाग ने विद्यालयों को फंड आवंटित किया ताकि विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल करवाने के लिए कच्चा माल खरीदा जा सके।

#### प्रदेश के कोर्सों के लिए आवंटित राशि

| कोर्स | प्रदेश में विद्यालय | फंड राशि |
|---|---|---|
| बैंकिंग व फाइनेंस | 79 | 11,75,000 |
| फिजिकल एजुकेशन | 117 | 20,60,000 |
| हेल्थ केयर | 242 | 34,60,000 |
| मीडिया एंड एंटरटेनमेंट | 23 | 2,55,000 |
| ऑटोमोटिव | 185 | 27,05,000 |
| ब्यूटी एंड वैलनेस | 335 | 47,95,000 |
| रीटेल | 140 | 20,05,000 |

#### रोहतक में कोर्सों के लिए आवंटित राशि

| कोर्स | विद्यालय | फंड राशि |
|---|---|---|
| बैंकिंग व बीएफएसआई | 01 | 15,000 |
| फिजिकल एजुकेशन | 10 | 1,50,000 |
| हेल्थ केयर | 05 | 70,000 |
| मीडिया एंड एंटरटेनमेंट | 01 | 15,000 |
| ऑटोमोटिव | 06 | 90,000 |
| ब्यूटी एंड वैलनेस | 20 | 2,90,000 |
| रीटेल | 07 | 1,00,000 |

#### 66 स्कूलों में कौशल कोर्स का फंड जारी

जिलों में 66 विद्यालयों में कौशल विकास कोर्स पढ़ाए जा रहे हैं। मुख्यालय से कौशल विकास कोर्स के कच्चा माल खरीदने के लिए प्रदेश के विद्यालयों का फंड जारी कर दिया है। विद्यालयों को भी आवंटित करना शुरू कर दिया है। **-सुमन हुड्डा, जिला परियोजना**




## वैज्ञानिक शोध को आमजन की भाषा में समाज तक ले जाने की कला सीखें छात्र

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में कम्युनिकेशन स्किल्स फॉर करियर गोल्स विषय पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्राध्यापक सुनित मुखर्जी ने विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक शोध को आम जन की भाषा में समाज तक ले जाने की कला विद्यार्थियों को विकसित करनी होगी। विभिन्न डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का उपयोग न केवल विज्ञान संचार बल्कि पर्सनल एंड प्रोफेशनल ब्रांडिंग के लिए भी किया जा सकता है। विद्यार्थियों से डिजिटल मीडिया दक्षता, एआई टूल्स स्किल्स तथा डिजिटल स्टोरी टेलिंग से जुड़ने का आह्वान उन्होंने किया। विभिन्न समसामयिक उदाहरणों से रोचक प्रस्तुति सुनित मुखर्जी ने दी। कार्यक्रम के प्रारम्भ में प्राध्यापक डॉ. राजीव कुमार कपूर ने व्याख्यान बारे जानकारी दी। विभाग अध्यक्ष डॉ. पूजा सुनेजा ने बताया कि करियर मार्गदर्शन के दृष्टिकोण से यह व्याख्यान आयोजित किया जा रहा है।

## सुपवा में इन्फिलबनेट कॉर्नर स्थापित, छात्रों के लिए राष्ट्रीय स्तर की ई-रिसोर्स सुविधाएं उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) की सेंट्रल लाइब्रेरी में इनफ्लिबनेट कॉर्नर की स्थापना की गई। इसका उद्घाटन कुलगुरु डॉ अमित आर्य व प्रसिद्ध कवि व लेखक राणा यशवंत ने किया। इन्फिलबनेट कॉर्नर में छात्रों के लिए राष्ट्रीय स्तर की ई-रिसोर्स सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी, जिससे छात्रों को अपने शोध की गुणवत्ता को निखारने में मदद मिलेगी। यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार डॉ गुंजन मलिक मनोचा ने कहा कि इन्फिलबनेट कॉर्नर का फायदा छात्रों के साथ ही तमाम फैकेल्टी व रिसर्चर को भी मिलेगा। इसमें बिना किसी शुल्क के सिर्फ क्यूआर कोड को स्कैन करते ही अलग-अलग विषय से संबंधित जानकारियों पर पहुंचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इन्फिलबनेट कॉर्नर बनाने से न केवल सुपवा परिवार के शोध की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि शोध में पारदर्शिता और नवाचार को भी बल मिलेगा।



**रोहतक।** सुपवा की सेंट्रल लाइब्रेरी में इन्फिलबनेट कॉर्नर का उद्घाटन करते कुलगुरु डॉ अमित आर्य, कवि व लेखक राणा यशवंत।

## कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में छात्रों को मिलेगा चार लाख का पैकेज



**रोहतक।** महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी के इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च (इमसार) तथा करियर काउन्सलिंग एंड प्लेसमेंट द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जीवन बीमा क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इन्शुरन्स ने भाग लेते हुए विद्यार्थियों का चयन करने के लिए परिसर में साक्षात्कार आयोजित किए। कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में चयनित विद्यार्थियों को चार लाख वार्षिक वेतन पैकेज मिलेगा। कंपनी द्वारा विक्रय कार्यकारी पद के लिए चयनित होने वाले विद्यार्थियों को चार लाख रुपये वार्षिक वेतनमान का पैकेज मिलेगा। इस कैंपस प्लेसमेंट कार्यक्रम में इमसार के 38 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 20 विद्यार्थियों ने परिसर में आयोजित साक्षात्कार प्रक्रिया में भाग लिया।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### नेटवर्क समस्या, बायोमीट्रिक मशीनों की खराबी और ऑपरेटरों की कमी जैसी दिक्कतें आ सकती हैं सामने

# बॉयोमीट्रिक गेट पास, वाहन का फोटो-रजिस्ट्रेशन नंबर नोट करने से मंडियों में जिंस खरीद प्रक्रिया होगी पारदर्शी

- मंडियों में रबी फसलों की खरीद शुरू होने में अब लगभग 10 दिन शेष

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक


एआई जेनरेटेड फोटो

मंडियों में रबी की फसलों की खरीद-फरोख्त में अब दस दिन भी शेष बचे हैं। जिंसों की खरीद को लेकर सरकार ने तमाम तरह की नई व्यवस्था करने का दावा इस बार किया है। मंगलवार को चंडीगढ़ में खरीद से जुड़े विभागों की मीटिंग हुई। इसमें तमाम तरह के निर्देश सरकार ने अफसरों को दिए हैं। मीटिंग में मौजूद अधिकारियों के मुताबिक खरीद प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए इस बार कई नई व्यवस्थाएं लागू की हैं। अब सवाल ये है कि क्या नई व्यवस्थाएं करनाल धान खरीद घोटाला की पुनरावृत्ति रोक पाएंगी। या ऐसे ही सिस्टम चलेगा। मालूम रहे कि 28 मार्च से सरसों और एक अप्रैल मंडियों में गेहूं की सरकारी खरीद प्रारंभ होनी है। जमीनी स्तर पर इन व्यवस्थाओं को लागू करना अभी भी चुनौती बना है। कई मंडियों में नेटवर्क की समस्या, बायोमीट्रिक मशीनों की खराबी और ऑपरेटरों की कमी जैसी दिक्कतें सामने आ सकती हैं। इसके अलावा, बुजुर्ग किसानों या तकनीक से अनजान लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। कुल मिलाकर, सरकार की यह पहल खरीद प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन इसकी सफलता काफी हद तक इसके प्रभावी क्रियान्वयन और सख्त निगरानी पर निर्भर करेगी। खरीद को लेकर मंडियों में स्थापित की जा रही टेक्नोलॉजी गड़बड़ी कम करेगी, लेकिन बिचौलियों और कर्मचारियों का खेल पूरी तरह खत्म नहीं होगा। बॉयोमीट्रिक मशीनों का नेटवर्क डाउन, ऑपरेटर और आढ़ती की मिलीभगत, बुजुर्ग किसानों के अंगूठा मैच न होना आदि समस्याएं सामने आ सकती हैं।

#### इस बार ऐसा मिलेगा गेट पास

नई व्यवस्था के तहत अब किसान को अपनी फसल बेचने के लिए पहले बायोमीट्रिक मशीन पर अंगूठा लगाकर अपनी पहचान सत्यापित करनी होगी। इसके बाद ही उसे गेट पास मिलेगा, जिसके बिना मंडी में एंट्री संभव नहीं होगी। इससे फर्जी नामों पर फसल बेचने या दूसरे किसानों के नाम का दुरुपयोग करने की संभावना काफी हद तक कम होगी। इसके अलावा, मंडियों में आने वाले प्रत्येक वाहन की फोटो और रजिस्ट्रेशन नंबर दर्ज करना अनिवार्य कर दिया गया है। इससे बिना वास्तविक फसल के केवल कागजी एंट्री करने या एक ही फसल को बार-बार दिखाकर खरीद दिखाने जैसी अनियमितताओं पर अंकुश लगेगा।

#### मंडियों में पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में जियो-फेंसिंग और डिजिटल निगरानी तकनीक का उपयोग

सरकार ने जियो-फेंसिंग तकनीक का भी इस्तेमाल शुरू किया है। जिसके तहत गेट पास, बोली और आई-फॉर्म जैसी प्रक्रियाएं केवल मंडी परिसर के भीतर ही पूरी की जा सकेंगी। इससे मंडी के बाहर बैठकर फर्जी दस्तावेज तैयार करने या बैकडेट एंट्री करने की गुंजाइश खत्म होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इन तकनीकी उपायों से खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता जरूर बढ़ेगी और फर्जीवाड़े पर काफी हद तक रोक लगेगी। साथ ही, पूरी प्रक्रिया के डिजिटल रिकॉर्ड से भविष्य में किसी भी शिकायत या जांच को आसान बनाया जा सकेगा। जियो-फेंसिंग एक ऐसी डिजिटल तकनीक है जिसमें किसी खास जगह (लोकेशन) के चारों ओर एक वर्चुअल सीमा बना दी जाती है। जब कोई मोबाइल, वाहन या डिवाइस इस सीमा के अंदर आता है या बाहर जाता है, तो सिस्टम तुरंत अलर्ट या एक्शन ट्रिगर कर देता है। मान लो किसी मंडी, ऑफिस या खेत के चारों तरफ एक अदृश्य घेरा बना दिया गया है। जैसे ही कोई ट्रैक्टर।ट्रक उस घेरे में प्रवेश करता है तो सिस्टम रिकॉर्ड कर लेता है।

#### करनाल धान खरीद घोटाला
#### गेट पास के जरिए करोड़ों रुपये की हेराफेरी उजागर

गत खरीफ में करनाल में धान खरीद घोटाले ने सरकारी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए थे। जांच में सामने आया था कि मंडियों में कागजों में धान की खरीद दिखाकर असल में स्टॉक गायब किया गया। इस मामले में पूर्व डीएफएससी सहित कई अधिकारी, आढ़ती और राइस मिलर्स जांच के दायरे में आए। एसआईटी जांच के दौरान अब तक कई गिरफ्तारियां हो चुकी हैं और छह एफआईआर दर्ज की गई हैं। आरोप है कि फर्जी गेट पास, जाली रिकॉर्ड और भुगतान में हेरफेर कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया। यह पूरा नेटवर्क संगठित तरीके से काम कर रहा था, जिसमें विभागीय अधिकारी भी शामिल थे।